# राजसुगम संस्था रंगोली से लोक अदालत का प्रचार प्रसार कर रही है

**जालोर, (कासं)।** राजसुगम सेवा संस्थान की ओर से रंगोली बनाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया गया। 9 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए संस्थान की ओर से शांतिनगर कॉलोनी में सड़क पर रंगोली सजाई गई एवं आगामी दिनों में आयोजित होने वाली लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया गया। संस्थान की सचिव रविना कुमारी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा की की अपील पर संस्थान की ओर से भी राष्ट्रीय लोक अदालत का विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में रंगोली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

साथ ही उपस्थित लोगों को 9 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से वॉट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा संस्थान की ओर से लोगों को भी लोक अदालत के बारे में जानकारी देकर अन्य लोगों को भी प्रेरित करने हेतु कहा जा रहा है। संस्थान की सचिव ने अपील की है कि जिन लोगों के न्यायालयों में राजीनामा योग्य प्रकर चल रहे हैं वे न्यायालयों में जाकर अपने प्रकरणों में आपसी भाइचारे से राजीनामा करवा कर लोक अदालत का फायदा उठाए। साथ ही जिन लोगों के प्रकरण चल रहे हैं उन्हें अपने प्रकरणों में राजीनामा करवाने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान हुआदेवी, कमलादेवी, वर्षा कुमारी, सुकी देवी, मना देवी, फाहु देवी आदि उपस्थित रहे।




जालोर में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर रंगोली बनाकर प्रचार किया। फोटो राष्ट्रदूत

## निजी कंपनी सुरक्षा अधिकारी के साथ गार्ड ने मारपीट की

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती बोरूंदा के खारिया खंगार गांव में एक निजी कंपनी के सुरक्षा अधिकारी के साथ गार्ड ने मारपीट की। उसे धमकियां दी गई। बोरूंदा पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बोरूंदा पुलिस ने बताया कि खारिया खंगार में स्थित एक सीमेंट कंपनी के सुरक्षा अधिकारी दीनाराम पुत्र सुखदेवराम जाट की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें उसने पुलिस को बताया कि फैक्ट्री में तैनात सुरक्षा गार्ड बजरंग सिंह ने फैक्ट्री में घुसकर उसका रास्ता रोककर मारपीट की और जान से मारने की धमकियां दी। पुलिस ने बतया कि मामला दर्ज किया गया है। अग्रिम जांच की जा रही है।

# एक लाख के इनामी से अब ग्रामीण पुलिस पूछताछ करेगी

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर के बासनी थाना पुलिस की गिरफ्त में आए एक लाख के इनामी तस्कर हनुमानराम विश्नोई से जोधपुर ग्रामीण पुलिस भी पूछताछ करेगी।

आरोपी को दो दिन पूर्व 2 दिसंबर को पुलिस और डीएसटी टीम ने पकड़ा था। अब अन्य थानों में दर्ज मामलों में ग्रामीण पुलिस भी पूछताछ करेगी। तस्करी नेटवर्क को लेकर कहीं खुलासे होने की उम्मीद है।

थाना बासनी एसएचओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि हनुमानराम से जोधपुर ग्रामीण की पुलिस भी पूछताछ करेगी। वहीं चित्तौड़गढ़ पुलिस को भी सूचित किया गया है। वहां के मामले में भी हनुमान राम वॉन्टेड है। बता दें कि

**■ दो दिसंबर को गिरफ्तार किया था**

जोधपुर की पश्चिम जिले की पुलिस और डीएसटी ने मिलकर एक लाख रुपए के इनामी मादक पदार्थ तस्करी गैंग के अंतरराज्यीय सरगना हनुमानराम को गिरफ़्तार किया था। उसकी गिरफ़्तारी पर पुलिस मुख्यालय ने एक लाख का इनाम घोषित किया था। आरोपी पिछले 8 माह से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट सहित जानलेवा हमले के 8 मामले दर्ज हैं।

एसीपी बोरानाडा नरेंद्र सिंह ने बताया कि जोधपुर ग्रामीण में एक लाख का इनामी आरोपी हनुमानराम उर्फ ठूंटिया एक स्कार्पियो में आने की सूचना मिली थी। पुख्ता सूचना पर डीसीपी वेस्ट गौरव यादव, एडीसीपी चंचल मिश्रा की मॉनिटरिंग में टीम बनाई। टीम ने लोकेशन के आधार पर उसका पीछा कर गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी हनुमानराम अपने साथियों के साथ मिलकर मेवाड़ इलाके से मारवाड़ के पाली, जोधपुर और आसपास के इलाकों में नशे की तस्करी का काम करता था। उसके कब्जे से एक हथियार भी बरामद किया गया था। उस पर पुलिस टीम पर हमला करने का मामला भी दर्ज है।

आरोपी जयपुर व रायपुर जिला पाली में फायरिंग व हत्या का प्रयास सहित कापरड़ा थाने में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहा था।

# सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तालाब पर श्रमदान किया

**बाप, (निसं)।** सीमा पर मोर्चा संभालने के अलावा सैनिक रचनात्मक सेवा कार्यो में भी बढ़चढ़ कर भाग लेते है। विधानसभा चुनाव ड्यूटी पर सिलीगुढ़ी से बाप क्षेत्र में 195 बीएसएफ बटालियन ने चुनाव सम्पन्न करवाने के बाद रवाना यहां से होने से पूर्व ऐतिहासिक मेघराज सर तालाब पर श्रमदान कर आमजन को प्राचीन जल स्त्रोत्र सुरक्षित व व्यवस्थित रखने का मंत्र दिया। बटालियन के जवानों ने तालाब की सफाई व उगी झाड़ियां, कीकर, आक आदि की कटाई कर नगरपालिका द्वारा उपलब्ध ट्रेक्टर से कचरे का निस्तारण किया।

बटालियन के सहायक समादेष्टा आसुतोष ने कहा कि हमारे प्राचीन जल संरक्षण के स्थान सुरक्षित रहने चाहिए। यह आपातकाल में हमारे बहुत मददगार होते है। उन्होने नगरपालिका को धन्यवाद देते हुए कहा कि सार्वजनिक सम्पतियां अति मण मुक्त रखना बहुत ब?ा काम है। सीमाजन कल्याण समिति जिला अध्यक्ष अखेराज खत्री ने 195 बीएसएफ बटालियन का धन्यवाद ज्ञापित किया कि उनके छोटे से निवेदन से श्रमदान की मुहिम में बटालियन ने बहुत बड़ा सहयोग कर आमजन में श्रमदान की प्रेरणा जगाई। बाप नगरपालिका अध्यक्ष लीलादेवी जगदीश पालीवाल ने स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी देते हुए सामाजिक सरोकार में जवानों के श्रमदान करने की पहल के लिए उन्हें बधाई दी व धन्यवाद ज्ञापित किया।

कपडे की थैली मेरी सहेली की थीम पर प्लास्टिक मुक्त राजस्थान का आव्हान किया। सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व उप प्रधान जगदीश पालीवाल ने ऐतिहासिक मेघराज सर तालाब का इतिहास बताया।

इस दौरान एडवोकेट मदन शर्मा, अशोक पालीवाल, मनोज लोहिया, ओम राठी, मांगीलाल पालीवाल, जगदीश सेन आदि मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में मिडटर्म परीक्षाएं 12 से

**बाप, (निसं)।** बाप में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा प्रायोजित राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के तहत आंतरिक मूल्यांकन के लिए मिडटर्म परीक्षाएं 12 दिसंबर से प्रारंभ हो रही है।

महाविद्यालय में इस तरह की यह परीक्षा पहली बार हो रही है। बाप महाविद्यालय में परीक्षा प्रभारी डॉ. योगेश शर्मा ने बताया कि प्रत्येक पेपर 21 अंक का होगा।

यह परीक्षा प्रथम सेमेस्टर के सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है। जो छात्र इस परीक्षा में भाग नहीं लेगा, वह सेमेस्टर अंत की परीक्षा में भी नहीं बैठ पाएगा।

# स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**बालोतरा, (निसं)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल बालोतरा द्वारा स्नेह मिलन का आयोजन विशेष रूप से युवती बहनों के लिए किया गया।

आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुमति कुमार जी ठाणा-3 की प्रेरणा से और सुशिष्या शासनश्री साध्वीश्री सत्यप्रभा ठाणा- 4, शासनश्री साध्वी सत्यवतीजी ठाणा-6, साध्वीश्री कमलप्रभा ठाणा-5, साध्वीश्री गुप्तिप्रभा ठाणा-4 के सानिध्य में किया गया। महिला मंडल मंत्री रेखा बालड ने बताया कि सर्व प्रथम नमस्कार महामंत्र का संगान किया गया।

इसके बाद महिला मंडल की बहनों के द्वारा प्रेरणा गीत का संगान किया गया। इस अवसर पर शासनश्री साध्वीश्री सत्यवतीजी ने अपना प्रेरणा पाथेय प्रदान किया। महिला मंडल अध्यक्ष निर्मला देवी संकलेचा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को दो चरणों में आयोजित किया गया कार्यक्रम की पहली प्रतियोगिता थी पारंपरिक धान्य से बनी हुई व्यंजन घर से बना कर लेकर आना इस प्रतियोगिता में युवती बहनों ने पारंपरिक परिधान में अपनी सहभागिता दर्ज करवाई व बडे उत्साह के साथ 18 बहनों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक गण महावीर इंटरनेशनल की जॉन डायरेक्टर प्रमिला सालेचा एवं पार्षद व महावीर इंटरनेशनल की अध्यक्ष चन्द्रा बालड रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम अभातेमम सदस्य एवं मारवाड क्षेत्र प्रभारी मीना ओस्तवाल , द्वितीय निर्मला देवी सालेचा, तृतीय स्थान रेखा लुकड एवं श्वेता सालेचा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की दूसरी प्रतियोगिता थी कैसे युवतियां कर सकती हैं महिला मंडल को और रोशन इसके बारे में अपने सुझाव दिए। इस प्रतियोगिता में आठ बहनों ने भाग लिया इस प्रतियोगिता के निर्णायक गण बीजेएस की स्मार्ट गर्ल ट्रेनर सीमा चोपडा व जैन स्कॉलर व तत्वज्ञान तेरापंथ दर्शन की व्यवस्थापिका विमला गोलेच्छा रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम संगीता बोथरा और मीना ओस्तवाल , द्वितीय ममता गोलेच्छा, तृतीय स्थान नीतू श्रीश्रीमाल ने प्राप्त किया। दोनों प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले संभागियों को पुरस्कृत किया गया व बाकी सभी संभागीयो को भी सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## गांवों में कोहरा छाया, बाजार देर से खुले

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा शहर में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। इससे शहर की दृश्यता काफी कम हो गई। कोहरे के कारण शहर के बाजारों में भी देरी से खुले। कई बाजारों में तो दोपहर तक भी दुकानें नहीं खुली। कोहरे के कारण यातायात भी प्रभावित रहा। कई जगहों पर वाहन चालकों को धुंध के कारण परेशानी हुई। कई वाहन दुर्घटनाओं में भी शामिल हो गए। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी कोहरा छाया रहने की संभावना है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। कोहरे के कारण ये हुई परेशानियां दृश्यता कम होने से लोगों को चलने-फिरने में परेशानी हुई। यातायात प्रभावित हुआ। कई जगहों पर वाहन दुर्घटनाएं हुईं। बाजारों में देरी से खुले। कई जगहों पर स्कूल-कॉलेज बंद रहे। मौसम विभाग का पूर्वानुमान मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी कोहरा छाया रहने की संभावना है।

# पोकरण में महंत प्रताप पुरी का जादू चला

**पोकरण, (निसं)।** पोकरण विश्व विख्यात परमाणु नगरी में महंत प्रतापपुरी महाराज का परीक्षण सफल होने के साथ ही मारवाड की धरा पर संत का जादू चला।

विधानसभा चुनाव बिना लोभ लालच एवं नशीले पदार्थो के वितरण के बिना भाजपा प्रत्याशी महंत प्रताप पुरी महाराज का ऐतिहासिक चुनाव लडा, राजस्थान की पोकरण विधानसभा पर भाजपा प्रत्याशी महंत प्रतापपुरी ने कांग्रेस के कैबिनेट मंत्री एवं सरहद के सुल्तान शालेह मोहम्मद को 35427 मतो से पछाडते हुए जीत हासिल कर ली । ये जीत पोकरण विधानसभा क्षैत्र के राजनीति के इतिहास में सबसे अधिक मतो से पहली बार जीत दर्ज की गई है।

इससे पहले साल 2013 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के ही शैतान सिंह राठौड ने 34444 मत लाकर जीत हासिल की थी, वहीं कांग्रेस पार्टी के कैबिनेट मंत्री साले मोहम्मद चौथी बार चुनावी मैदान में रहे जिसमें दो विधानसभा चुनाव के दौरान मात्र कुछ मतों से जीत हासिल की थी वही भाजपा के संत को हराने के तोहफे में कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया था। जिसका रिकॉर्ड भाजपा के ही महंत प्रतापपुरी ने तोड दिया है। सुबह करीब 8 बजे से पोकरण सीट पर वोटो की गिनती शुरू हुई और शाम होते -होते परिणाम साफ हो गए। जहां पहले चरण में कांग्रेस के शालेह मोहम्मद आगे थे तो वहीं दूसरे चरण के बाद महंत ने लगातार बढत हासिल की जो अंतिम तक जारी रही।

महंत की जीत के बाद महंत के समर्थकों में उत्साह नजर आया और भाजपा समर्थकों एवं आम जनता ने सुबह से देर रात्रि तक पटाखे की गुज जीत का जशन देर रात्रि तक शहर के गांधी चौक, व्यास सर्किल , और किला रोड, महंत प्रताप पुरी महाराज के कार्यालय के आगे पटाखे फोडे । कई लोग शहर में मिठाईयां बांटकर खुशियां मनाते हुए भी नजर आए। वहीं चुनाव कपेनिग के दौरान भाजपा के कदावर नेता आमसभा व जनसमपर्क कार्यकमो से दूर रहे। वहीं आज जीत के जश्न में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे थे, पोकरण विधानसभा क्षेत्र के 306 बुथो पर मात्र चार जगह पर कांग्रेस ने बढ़त बनाई, वही बाकी सभी बुथो पर भाजपा ने लगातार बढ़त बनाए रखें।

### सार-समाचार

## बाप कस्बा जीत के जश्न में डूबा

**बाप, (निसं)।** विधानसभा चुनाव में फलौदी सीट पर भाजपा के पब्बाराम बिश्नोई ने हैट्रिक लगा दी है। वे तीसरी बार जीत गये है। भारतीय जनता पार्टी की राज्य में जीत व क्षेत्रीय विधायक पब्बाराम की जीत पर बाप कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओ ने जमकर जश्न मनाया। पटाखे फोडने के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस मौके भंवर कुमावत, मुकेश कुमावत, दिनेश प्रजापत, पपु प्रजापत, अशोक भार्गव, इनायत अली, करण नाथ कालबेलिया, तिलोक मेघवाल, पवन गोदारा, सुरेश विश्नोई, जतिन खत्री, वकील धर्म चन्द तंवर, पूनम चन्द पालीवाल, गोपाल सोनी, तोलाराम प्रजापत, पपुराम प्रजापत, बाबूलाल खत्री, लीलाधर खत्री, जगदीश प्रजापत, शंकर लाल, ओमप्रकाश प्रजापत सहित कार्यकर्ताओ ने खुशिया मनाई। पूर्व मंडल अध्यक्ष किशनलाल पालीवाल, मंडल अध्यक्ष हरि माडपुरा, महेश पालीवाल होपारड़ी, मोती पालीवाल, भाजयूमों मंडल अध्यक्ष मांगीलाल पालीवाल कई कार्यकर्ताओं में जोधपुर में जीत का जश्न मनाया।

## प्रज्ञा निकेतन में रैलिंग बनाने की घोषणा

**जोधपुर, (कासं)।** रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर संस्कार ने जेएनवीयू की दिव्यांगजनों को समर्पित इकाई प्रज्ञा निकेतन संस्थान में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए रैंप और रैलिंग निर्माण परियोजना की घोषणा की। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन टोनिका सांखला ने बताया कि इस मौके डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन पवन खंडेलवाल और इंदिरा गुप्ता भी मौजूद थी। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने संस्थापक डॉ. कुसुमलता भंडारी का भी सम्मान किया, जिन्होंने स्वयं दिव्यांग होते हुए अन्य दिव्यांग बच्चों को भी समाज की मुख्य धारा से जोडऩे एवं अपनी विशेष योग्यता को पहचान कर प्रज्ञा निकेतन संस्थान की स्थापना की। प्रज्ञा निकेतन संस्थान की वार्डन एवं जेएनवीयू के लोक प्रशासन विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. मीना बरडिया ने स्वागत किया।

## बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की बैठक आयोजित

**जोधपुर, (कासं)।** बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष राम प्रसाद सिंगारिया की अध्यक्षता में बार संघों के होने वाले प्रस्तावित चुनाव 8 दिसम्बर से संबंधित बार संघों एवं अधिवक्ताओं से प्राप्त शिकायतों के निवारण के लिए गठित समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बार संघों एवं अधिवक्ताओं से चुनाव से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर विचार-विमर्श किया गया एवं विचार-विमर्श कर समिति ने उनका उचित निस्तारण किया। बैठक में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य इन्द्रराज चौधरी (सह-अध्यक्ष) ने भाग लिया एवं कपिल प्रकाश माथुर (उपाध्यक्ष), सैयद शाहीद हसन एवं देवेन्द्र सिंह राठौड ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**जोधपुर, (कासं)।** आज पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनाड में विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यान्गता तथा विशेष शिक्षा के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगता के प्रकार का व्याख्यान के माध्यम से इसके रोकथाम व बचाव के बारे में जानकारी दी गई। दिव्यांगता के बारे में सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों व योजनाओ पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जितेन्द्र ग्वाला (स्पेशल एजुकेटर) ने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्राचार्य विष्णु दत्त टेलर ने विशेष शिक्षा का महत्व व विशेष शिक्षा की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

## सर्दी ने तेवर दिखाए

**पाली (निसं)।** दिसंबर माह लगते ही सर्दी ने अपने तेवर देखने शुरू कर दिया है, पिछले चार दिनों से सुबह-सुबह कोहरा छाया रहता है, वही हाईवे पर कोहरा छाने से वाहन चालकों की गति धीमी कर दि, ऐसे में बच्चों को स्वेटर टोपा पहन कर सर्दी में स्कूल जाना पड रहा है, बाजार भी 10: बजे से पहले नहीं खुलते और रात्रि में जल्दी बंद हो जाते हैं, तापक्रम भी गिरकर 12 डिग्री पर आ गया है, शिक्षा विभाग द्वारा अद्धर्वार्षिक परीक्षाओं के बाद बच्चों की छुट्टियां होगी।

## व्हीलचेयर भेंट की

**जोधपुर, (कासं)।** विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष में जॉयंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज की अध्यक्ष निरूपा पटवा ने मातेश्वरी अरोड़ा आदि सदस्यों के सहयोग से न्यू विकलांग शिक्षण संस्थान में चार व्हीलचेयर भेंट की। पटवा ने बताया कि कार्यक्रम में जायंट्स ग्रुप की कई महिलाओं ने भाग लिया। सचिव ममता चोरडिया ने सबका आभार जताया।

## बगैर विलंब शुल्क के आवेदन की अंतिम तिथि 30 दिसंबर

**जोधपुर, (कासं)।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन आज से शुरू हो गए। बगैर विलंब शुल्क के आवेदन की अंतिम तिथि 30 दिसंबर रखी गई है।

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय से जुडे संभाग के जोधपुर, जैसलमेर, जालोर, पाली और बाड़मेर जिले के सत्र2023-24में आयोजित स्नातक द्वितीय वर्ष, स्नातक तृतीय वर्ष, स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष और वार्षिक पद्धित पर आधारित डिप्लोमा पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। इसमें बीएड, एमएड, बीए बीएड, बीएससी बीएड, और सेमेस्टर प्रणाली के छात्र छात्राओं को छोडक़र सभी परीक्षाओं में सम्मिलित होने के इच्छुक परीक्षार्थियों को आवेदन करना होगा। विद्यार्थियों को दो जनवरी तक आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जमा करनी होगी। पचास रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी होगी। दुगुने परीक्षा शुल्क के साथ 22 जनवरी और चौगुने परीक्षा शुल्क के साथ 29 जनवरी तक परीक्षा आवेदन किया जा सकेगा।

# बे-टिकट यात्रियों से एक करोड़ से भी अधिक की वसूली

**जोधपुर, (कासं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने एक माह में पकड़े गए बिना टिकट यात्रियों एक करोड़ रुपए से भी अधिक का उल्लेखनीय राजस्व वसूल करने में सफलता हासिल की है। वसूला गया राजस्व लक्ष्य के मुकाबले लगभग 32 लाख रुपए अधिक है।

डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जोधपुर मंडल पर चलाए जा रहे सघन टिकट जांच अभियान के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ ने नवंबर में इस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बिना टिकट व अनियमित यात्रा के 23 हजार 405 मामलों से एक करोड़ 7 लाख 57 हजार 666 का उल्लेखनीय राजस्व वसूल किया है जिसमें गंदगी,धूम्रपान और अनबुक्ड लगेज के मामले भी शामिल हैं। सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा में बताया कि डीआरएम पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे सघन टिकट जांच अभियान के तहत नवंबर में बिना टिकट व अनियमित यात्रा के 22 हजार 122 मामलों में एक करोड़ 6 लाख 427 रुपए की वसूली की गई जिसमें 57 लाख 45 हजार 786 रुपए जुर्माना राशि भी सम्मिलित है।

उन्होंने बताया कि जोधपुर मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने उत्तरोत्तर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नवंबर माह में निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 31लाख 81 हजार 916 रुपए अधिक राजस्व वसूल किया है तथा सघन टिकट जांच अभियान जारी रखने के लिए जोधपुर मंडल संकल्पबद्ध है।

**गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से वसूले 1 लाख 32 हजार रुपए:-** सघन टिकट जांच अभियान के दौरान ट्रेन और रेलवे प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाते कुल 1193 यात्री पकड़े गए। जिनसे 1 लाख 32 हजार 250 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

**सिगरेट पी रहे थे 77 यात्री भी आए चपेट में:-** टिकट जांच के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ ने ऐसे 77 यात्रियों को भी पकड़ा जो ट्रेन अथवा रेल परिसर में धूम्रपान कर रहे थे । इनसे 15 हजार 500 का राजस्व रसूल किया गया।

ट्रेन में निर्धारित छूट से अधिक वजनी सामान ले जाने पर नवंबर माह में पकड़े गए 13 यात्रियों से 9 हजार 489 रुपए के राजस्व की वसूली की गई।

## निफ्ट में टेड एक्स का आयोजन आज

**जोधपुर, (कासं)।** युवाओं में छिपी नवोन्मेषी क्षमता को निखारने और उन्हें विचारों के जरिए नई परिभाषाएं गढऩे का अवसर देने के लिए वस्त्र मंत्रालय के राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में टेड एक्स का आयोजन पांच दिसंबर को होगा। इस कार्यक्रम में देश की नामचीन हस्तियां युवाओं को सफलता के मंत्र देगी।

संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ जीएचएस प्रसाद ने बताया कि इस कार्यक्रम में विराट हिन्दुस्तान संगम के अध्यक्ष एवं पूर्व यूनियन मिनिस्टर डॉ. सुब्रह्मण्यम स्वामी, पद्मश्री अवार्डी और भारतीय लोक गायिका मालिनी अवस्थी, वरिष्ठ पत्रकार स्मिता प्रकाश, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. जय मदान, टैक्सटाइल एवं फैशन डिजाइनर गौरांग शाह, रूबिक क्यूब चैंपियन चिन्मय प्रभु, चीफ ग्रोथ ऑफिसर और ग्लोबल बुक पब्लिशिंग के को-फाउंडर एश अक्षय गोयल शिरकत करेंगे।

### सार-समाचार

## पश्चिमी विक्षोभ ने सर्दी का सितम बढ़ाया

**जोधपुर, (कासं)।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता ने एक बार फिर से सर्दी के तेवर तीखे कर दिए है। रविवार से ही मौसम में बदलाव देखने को मिल गया है। आज भी शहर सुबह से ही कोहरे में लिपटा नजर आया। कोहरा इतना घना था कि वाहन रेंग रेंग कर चल रहे थे। धूप पूरी तरह नहीं खिलने से लोगों को कंपकंपी छूटती रही। मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछेक हिस्सों में गर्जना के साथ बारिश की संभावना जताई है। प्रदेश सहित मारवाड में सोमवार को सुबह से ही कोहरा छाया रहा। घने कोहरे के चलते लोगों को सुबह के समय में अपनी गाडिय़ों की हैडलाइट जलानी पडी तो सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों का भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही धूप लगभग गायब रही। सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने से लोगबाग धूप को तरसते रहे। मौसम विभाग ने आगामी दो दिन तक पश्चिमी विक्षोभ का असर बने रहने की संभावना व्यक्त की है। जिससे सर्दी का सितम बढऩे के साथ रात और दिन के तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है। आज दिन का तापमान 15 डिग्री तक बना रहा। हालांकि हवा की गति धीमी थी।

## शिविर का आयोजन

**पाली (निसं)।** सेठ मुकनचंद बालिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मे सोमवार को उप प्रधानाचार्य के सानिध्य मे एनएसएस के एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमे बालिकाओ द्वारा विद्यालय की साफ सफाई के साथ विभिन्न सृजनात्मक कार्य किये गए। कार्यक्रम अधिकारी जसविंद्र कौर ने बताया कि इस मोके पर उप प्रधानाचार्य संतोष पालरिया ने कहा कि यह एक दिवसीय षिविर बालिकाओं मे स्वालम्बन की सीख उत्पन्न करेगा। कार्यक्रम अधिकारी जसविंद्र कौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा ही परम धर्म की सीख के साथ एनएसएस छात्राओं द्वारा विद्यालय प्रांगण में साफ सफाई की गई,पॉलीथिन की थैलियों व अन्य कचरे का निस्तारण किया गया।इसके अलावा उन्होने विद्यालय की वाटिका में पौधों के सार संभाल का कार्य किया। इसके बाद छात्राओं को अल्पाहार कराया गया। अल्पहार के पश्चात छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं बोली।

## महिला ने जेवरात का बॉक्स चुराया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के त्रिपोलिया बाजार में आई एक ज्वैलरी की दुकान में खरीदारी के बहाने आई दो महिलाएं ज्वैलरी का बॉक्स चुरा ले गई। उनका यह कृत्य सीसीटीवी फुटेज में नजर आ गया। फुटेज का वीडियो वायरल हुआ है। फिलहाल दुकानदार की तरफ से पुलिस में रिपोर्ट नहीं दी गई है। महिलाओं द्वारा एक ज्वैलरी से भरा बॉक्स अपने अंतरवस्त्र में डालने का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में यह साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह दो महिलाएं दुकान पर खरीद के बहाने आई और फिर बॉक्स को चुरा ले गई। बताया जाता है कि बॉक्स में आर्टिआर्टिफिशिय गहने थे।

## भाजपा की जीत पर जश्न मनाया

**पाली, (निसं)।** पाली निकट ग्राम रूपावास में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांव के मुख्य चौराहे पर भाजपा की तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान में ऐतिहासिक जीत होने पर एक-दूसरे का मुँह मीठा करवाकर तथा गांव के विभिन्न मार्गो से गाजे बाजे व डीजे की धुन पर बुल्डोजर व दुपहिया वाहन रैली निकालकर जश्न मनाया गया। साथ ही सुमेरपुर विधानसभा से दूसरी बार जीते विधायक जोराराम कुमावत का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस सात को

**पाली, (निसं)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 07 दिसम्बर सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल गजेंद्र सिंह राठौड (सेवानिवृत्त) ने बताया कि सन 1949 से प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को देश में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाता है। यह दिन देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों, युद्ध विकलांग सैनिकों, भू.पू सैनिकों तथा उनके परिवारों के प्रति अपनी कृतज्ञता दर्शाने का दिन है। यह दिन देश के नागरिकों और हमारे देश के सैनिकों के मध्य पारंपरिक मधुर संबंधों का प्रतीक है। इस दिन को मनाने के लिए केन्द्रीय सैनिक बोर्ड तथा राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा देश के सैनिकों के सम्मानार्थ प्रतीकात्मक स्टिकर रूपी सशस्त्र सेना झंडो को देश के प्रत्येक जिले में भिजवाया जाता है जिसे जिला कलेक्टर के आदेशानुसार शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों के कार्यालयों को नागरिकों में बांटने के लिए भिजवाया जाता है।

# जसोल मां के आशीर्वाद से हर काम सफल होता : भायल

**बालोतरा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी सिवाना से लगातार तीसरी बार विधायक बने हमीरसिंह भायल ने सोमवार को जसोलधाम पहुंच जगतजननी श्री राणीसा भटियाणीसा के चरणों में धोक लगाई।

विधायक भायल ने सवाईसिंह , श्री लाल बन्नासा, श्री बायोसा, श्री खेतलाजी व श्री भेरूजी के मंदिरों में दर्शन कर क्षेत्र की उन्नति एवं खुशहाली की मंगल कामना की। भायल के जसोलधाम पहुंचने पर संस्थान समिति सदस्य कुं. हरिश्चंद्रसिंह जसोल व गुलाबसिंह डंडाली द्वारा भव्य स्वागत किया। दर्शन उपरांत मंदिर प्रांगण में विधायक हमीरसिंह भायल ने संत महामंडल अध्यक्ष दिल्ली (एनसीआर) व जूना अखाड़ा अंतराष्टीय प्रवक्ता तथा दुधेश्वर महादेव मठ (गाजियाबाद) महन्त श्री नारायणगिरी जी महाराज का आशीर्वाद लिया।

**■ 'श्री राणीसा भटियाणीसा का आशीर्वाद हमेशा मुझे मिला है'**

इस दौरान उन्होंने कहा कि श्री राणीसा भटियाणीसा का आशीर्वाद हमेशा मुझे मिला है। जिसकी बदौलत सिवाना की देवतुल्य जनता का तीसरी बार सेवा करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि में जसोलधाम जब भी आया मुझे मां ने खाली हाथ नही भेजा। हर बार मेरी मुराद को पूरा किया।

इस बार भी सिवाना से टिकिट मिलने के बाद मेने माँ के दर्शन कर अपना प्रचार शुरू किया और आज में जीत के साथ यंहा पहुंचा।

उन्होंने कहा कि उन्हें हमेशा संघर्ष करने के बाद ही कुछ न कुछ मिलता है। कहते हैं जसोल मां का आशीर्वाद लेने आएं तो काम सफल होता है तो आज मां ने भी आशीर्वाद दे दिया है। जब भगवान का आशीर्वाद साथ है तो रास्ते में कौन खडा हो सकता है। ओर कौन रुकावट बन सकता है।

उन्होंने कहा कि माँ से जो मन्नत मांगने आते हैं। उन्हें कभी खाली हाथ नही भेजा। साथ ही इस स्थान पर आने वाले नेताओं का भी मानना है कि जसोल मां की कृपा से ही उन्हें जीत प्राप्त होती है। इस दौरान मंदिर प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित जसोल ग्राम के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।